प्रेषक,

प्रशान्त मित्तल,
विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर अधिनियम)/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर।

सेवा में,

माननीय महा-निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा- माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद बुलन्दशहर।

विषयः-माता द्वारा दिये गये उपहार की सूचना के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन यह है कि मेरी माता श्रीमती अरुणा मित्तल (पत्नी श्री विजय कुमार, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के नाम में उनके रिहायशी घर के अलावा एक अर्धनिर्मित मकान संख्या-56 स्थित हनी गोल्फ ग्रीन्स कॉलोनी, मेरठ था जिसकी वह अपनी वृद्धा अवस्था के कारण देखभाल करने में असमर्थ थी। उनकी नैसर्गिक प्रेम एवं इच्छा के अनुसार मेरे भविष्य की आवश्यकताओं की सुलभ पूर्ति हेतु उन्होंने अपने मकान संख्या-56 स्थित हनी गोल्फ ग्रीन्स कॉलोनी, मेरठ का उपहार जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 09.12.2022 को मेरे नाम में किया है एवं उनकी इच्छा के फलस्वरूप मैंने भी भवन का उपहार स्वीकार किया है। उपहार विलेख तथा स्वामित्व से संबंधित नगर निगम मेरठ का प्रपत्र अवलोकनार्थ सादर संलग्न है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त उपहार संव्यवहार की सूचना माननीय न्यायालय के समक्ष स्वीकार किये जाने हेतु प्रस्तुत किये जाने की कृपा करें।

आदर सहित।

दिनांकः23.01.2023

भवदीय,

Mittal 23/1/23

(प्रशान्त मित्तल)
विशेष न्यायाधीश(गैंगस्टर अधि०)/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं०-08, बुलन्दशहर।